आधुनिकता

मोनिका शर्मा, कक्षा- 8
सेन्ट जोसेफ जूनियर हाई स्कूल,
रूड़की ।

जानकी के पास यदि होती माचिस
अशोक वाटिका में बेबस वास करती क्यों ?

फायर ब्रिगेड यदि होता रावण के पास
तो उसकी स्वर्ण लंका जलती क्यों ?

टेलीफोन यदि होता द्वारिका से मथुरा को
कृष्ण के वियोग में राधा तड़पती क्यों ?

फाउन्टेन पैन जो होता शकुन्तला के पास
नाखुनों से दुष्यन्त को पत्र लिखती क्यों ?

लाउड स्पीकर होता यदि ब्रहमा के पास
चार-चार धाम बनाते क्यों ?

वायुयान जो होता गणेश जी के पास
चूहें को अपना वाहन बनाते क्यों ?

सुन्दर सिनेमा होता यदि कृष्ण के पास
गोपियों संग रास रचाते क्यों ?

धृतराष्ट्र के पास यदि होता ई.एन.टी. सर्जन
तो वह आजीवन अन्धा रहकर महाभारत कराता क्यों ?

यह सब चीजें यदि होती प्राचीन काल में
तब मोनिका शर्मा यह कविता बनाती क्यों ?